**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## लविवि : लॉ परीक्षा एक दर्जन केंद्र पर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की 21 सितंबर से प्रस्तावित लॉ तीन वर्षीय और ऑनर्स अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा एक दर्जन केन्द्रों पर होगी। विवि ने बृहस्पतिवार को परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि परीक्षा में सभी कमरों में सीसीटीवी वॉइस रिकॉर्डर के साथ अनिवार्य रूप से होना चाहिए। क्योंकि विवि इसकी वेबकास्टिंग कराएगा। सभी केन्द्रों को परीक्षा समाप्त होने के बाद उसी दिन इसकी रिकॉर्डिंग विवि को उपलब्ध करानी होगी। साथ ही निर्धारित प्रोफार्मा पर पूरी जानकारी भी देनी होगी। यह परीक्षा भी एमसीक्यू पैटर्न पर होगी।

## यूजी प्रवेश आवेदक इंटर के नंबर अपडेट करें

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले आवेदनकर्ताओं को विवि प्रशासन ने कहा है कि वह इंटरमीडिएट सभी विषयों के अंक अनिवार्य रूप से आवेदन में निर्धारित स्थान पर भर दें, जिससे कि मेरिट सूची में वह सही स्थान पर आ सके। सभी विषयों के अंक भरना अनिवार्य है। इसके साथ ही अंक तालिका व अन्य प्रमाणपत्र आवेदन फॉर्म में अपलोड करने का एक और मौका देते हुए इसकी तिथि 6 सितंबर तक बढ़ा दी है।

## 'द वर्किंग स्टूडेंट' को लविवि करेगा सम्मानित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय पिछले पांच वर्षों में विभिन्न निजी व सरकारी नौकरियों में चयनित विवि के छात्रों को सम्मानित करेगा। इसके लिए विवि 'द वर्किंग स्टूडेंट' अभियान शुरू कर रहा है। छात्रों और पूर्व छात्रों को विश्वविद्यालय में अपनी शैक्षिक और व्यावसायिक जानकारी गूगल फॉर्म के माध्यम से प्रस्तुत करने को कहा गया है। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि सात सितंबर है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने कहा कि यह प्रयास ये समझने का है कि उसके छात्र कितने प्रतिभाशाली हैं और लखनऊ विश्वविद्यालय में उनकी शिक्षा का समाज पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। छात्रों को 2020 में शताब्दी वर्ष समारोह के दौरान उनकी सफलता के लिए सम्मानित किया जाएगा।

**HINDUSTAN PAGE 7**

# 12 केंद्रों पर लॉ की परीक्षा वेबकास्टिंग से निगरानी

लखनऊ विवि

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय ने विधि संकाय के एलएलबी अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए 12 केंद्र बनाए हैं। उनकी सूची गुरुवार को जारी की गई।

इस बार की परीक्षा को नकल विहीन बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। विवि प्रशासन ने परीक्षा की वेबकास्टिंग का फैसला लिया है। लविवि ने पिछले वर्ष लॉ पेपर लीक कांड से सबक लेते हुए इस वर्ष यह फैसला लिया है। परीक्षाओं की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से की जाएगी। वाइस भी रिकॉर्ड की जाएगी।

**इन केंद्रों पर होंगी परीक्षाएं :** लविवि, शिया पीजी, केकेसी कॉलेज, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर लॉ कॉलेज, डीएवी कॉलेज, लखनऊ लॉ कॉलेज, मुमताज पीजी कॉलेज, नर्वदेश्वर लॉ कॉलेज, मॉ वैष्णों देवी लॉ कॉलेज, यूनिटी डिग्री कॉलेज, हीरा लाल यादव लॉ कॉलेज, गीता लॉ कॉलेज।

### 6 सितंबर तक अपलोड कर सकेंगे दस्तावेज

लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले छात्रों को एक और मौका दिया है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अभी तक अपने दस्तावेज विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड नहीं किए हैं, वह छह सितंबर तक अपने स्वप्रमाणित दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं। कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए एलयू प्रशासन ने मेरिट से प्रवेश देने का फैसला लिया था।

# 5 साल पुराने पूर्व छात्रों का सम्मान होगा

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय ने अब अपने 5 साल पुराने छात्रों को सम्मानित करने का फैसला लिया । विभिन्न निजी/सरकारी नौकरियों में चयनित इन पूर्व छात्रों को सम्मानित करने के लिए सूची तैयार की जा रही है। विश्वविद्यालय की ओर से बाकायदा 'द वर्किंग स्टूडेंट' अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए विश्वविद्यालय ने एक गूगल फॉर्म जारी किया है।

छात्रों और पूर्व छात्रों को विश्वविद्यालय में अपनी शैक्षिक और व्यावसायिक जानकारी गूगल फॉर्म के माध्यम से प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। जिसे इस लिंक https://rb.gy/pdhdgl पर एक्सेस किया जा सकता है। आवेदन पत्र भरने की आखिरी तारीख सात सितंबर है।

**PIONEER PAGE 3**

# एलयू में आवेदन फार्म जमा करने की तिथि बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा । लखनऊ

**लखनऊ विश्वविद्यालय** में स्नातक कक्षाओं में दाखिले के इच्छुक छात्रों को अपने आवेदन पूर्ण रूप भर कर जमा करने के लिए तिथि विस्तारित कर दी गई है। अब छात्र 6 सितम्बर तक अपने आवेदन जमा कर सकेंगे। इस बारे में विवि के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक जिन छात्रों ने अपने आवेदन में इंटर के मार्क्स नही भरे हैं, ऐसे छात्र इन्टरमीडिएट के सभी विषयों के अंक अनिवार्य रूप से आवेदन में निर्धारित स्थान पर भर दें, जिससे कि मेरिट सूची में वह सही स्थान पर स्थित हो सके । सभी विषयों के अंक भरना अनिवार्य है। इसके साथ ही अन्य प्रमाणपत्र भी जमा कर दें।

### एलएलबी परीक्षा के लिए केंद्रों की सूची जारी

एलएलबी त्रिवर्षीय व ऑनर्स अंतिम वर्ष की परीक्षाओं को लेकर विवि प्रशासन ने गुरुवार को परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी है। इनमें कुछ केंद्र स्वकेंद्र भी हैं। विवि की तरफ से कुल 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें परीक्षाएं सम्पन्न कराई जाएंगी।

**THE PIONEER PAGE 4**

## DATE EXTENDED

Lucknow University has extended the date for entering marks of various subjects by applicants for UG admission to September 6 midnight. LU spokesperson said that during verification, it was found that many applicants in UG and management programmes had not entered marks of all subjects on the counselling portal. "The university is giving them another opportunity to edit and update their marks. They have to enter the marks of all the subjects in their marksheets," the spokesperson said.

**i-NEXT PAGE 2 & 4**

# वेबकास्टिंग से होगी लॉ पेपर की निगरानी

### सेंटर पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे एवं वाइस रिकॉर्डर

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW(3 Sept):लखनऊ यूनिवर्सिटी पहली बार अपने लॉ सब्जेक्ट के पेपर की ऑनलाइन निगरानी करेगा. इसके लिए यूनिवर्सिटी सभी एग्जाम सेंटर्स से वेबकास्ट के माध्यम से वहां पर होने वाली सभी गतिविधियों पर नजर रखेगी. इसके लिए यूनिवर्सिटी ने एग्जाम सेंटर्स बनाएं गए सभी कॉलेजों को अपने यहां के हर एग्जाम रूम में सीसीटीवी लगवाने और उनके ठीक से फंक्शन करने की जिम्मेदारी केंद्र व्यवस्थापकों को सौंपी है.

### सीसीटीवी अनिवार्य

यूनिवर्सिटी सभी एग्जाम सेंटर्स पर एलएलबी फाइनल इयर स्टूडेंट्स के एग्जाम की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से करेगी. साथ ही वाइस रिकॉर्डर भी सेंटर्स पर लगाए जाएंगे. एग्जाम खत्म होने के बाद केंद्र रिकार्डिंग एक पेन ड्राइव में सेव कर उसी दिन एलयू को भेजेंगे.लखनऊ यूनिवर्सिटी, शिया पीजी कॉलेज, केकेसी कॉलेज, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर लॉ कॉलेज आदि एग्जाम सेंटर बनाए गए हैं.

# 6 तक अपलोड करें स्टूडेंट डॉक्यूमेंट्स

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW(3 Sept): एलयू में यूजी में एडमिशन के लिए आवेदन करने वाले स्टूडेंट्स अब 6 सितंबर तक अपने डॉक्यूमेंट्स अपलोड कर सकेंगे. एलयू के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि जिन स्टूडेंट्स ने आवेदन में इंटर के मार्क्स नहीं भरे हैं, वे सभी विषयों के मार्क्स अनिवार्य रूप से भर लें. इसके साथ ही अन्य सर्टिफिकेट भी जमा कर दें.

**RASHTRIYA SAHARA PAGE 5**

# लविवि : प्रमाणपत्र अपलोड करने का दिया एक और मौका

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले आवेदनकर्ताओं को यह निर्देशित किया है कि वह इन्टरमीडिएट (12) सभी विषयों के अंक अनिवार्य रूप से आवेदन में निर्धारित स्थान पर भर दें जिससे कि मेरिट सूची में वह सही स्थान पर स्थित हो सकें। सभी विषयों के अंक भरना अनिवार्य है।



अंकतालिका अन्य प्रमाणपत्र आवेदन फार्म मे अपलोड करने का एक और मौका देते हुए इसकी तिथि छह सितंवर तक वढ़ा दी है। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की ओर से निर्देशित किया गया है कि अपने फार्म में लाग इन करके इन्टरमीडिएट के सभी विषयों के सही प्राप्तांक भर दें, साथ ही अंकतालिका तथा अन्य सम्वन्धित प्रमाण पत्र छह सितंवर तक अपलोड कर दें।

**VOICE OF LUCKNOW PAGE 4**

# अभ्यर्थी छह तक अपलोड करें अंक

लखनऊ। लविवि में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले आवेदनकर्ताओं को इंटरमीडिएट (12) सभी विषयों के अंक अनिवार्य रूप से आवेदन में निर्धारित स्थान पर भर दें, ताकि मेरिट सूची में वह सही स्थान पर स्थित हो सके। सभी विषयों के अंक भरना अनिवार्य है। इसकी जानकारी देते हुये लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अंकतालिका अन्य प्रमाणपत्र आवेदन फार्म मे अपलोड करने का एक और मौका देते हुये इसकी तिथि 06 सितम्बर तक बढ़ा दी है। लखनऊ विश्वविद्यालय मे स्नातक कक्षाओं मे प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की ओर से निर्देशित किया गया है कि अपने फार्म मे लाग इन करके इंटरमीडिएट के सभी विषयों के सही प्राप्तांक भर दे ।

# लविवि वेबकॉस्टिंग से करेगा लॉ पेपर की निगरानी

- 12 केंद्रों पर होगी एलएलबी की परीक्षा

वरिष्ठ संवाददाता(vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय पहली बार अपने लॉ की परीक्षा की ऑनलाइन निगरानी करेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय सभी परीक्षा केंद्रों से वेबकास्ट के माध्यम से वहां पर होने वाली सभी गतिविधियों पर निगरानी रखेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय ने परीक्षा केंद्र बनाये गये सभी कॉलेजों को अपने यहां के हर परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी लगवाने और उनका सही से संचालन करने की जिम्मेदारी सभी केंद्र व्यस्थापकों को सौंपी हैं।

विवि में बीते लॉ सेमेस्टर परीक्षा में शहर के एक प्रतिष्ठित हॉस्पिटल की निदेशक का नकल कराने का मामला सामने आया था। इसके बाद विवि में जमकर बवाल हुआ था, जिसके बाद विवि ने लॉ परीक्षा में कई सुधार करने की घोषणा की थी। विवि ने सभी परीक्षा केंद्रों पर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एलएलबी अंतिम वर्ष के छात्रों की परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से की जायेगी। साथ ही वाइस भी रिकॉर्ड की जायेगी। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों को गुरुवार को निर्देश जारी कर दिये गये हैं। इसके अलावा परीक्षा समाप्त होने के बाद सभी केंद्र अपने-अपने सीसीटीवी की रिकार्डिंग एक पेन ड्राइव में सेव कर उसी दिन विवि को सौंपेंगे।

### परीक्षा केंद्रों की सूची

लविवि ने गुरुवार को एलएलबी अंतिम वर्ष के छात्रों की परीक्षा के लिए केंद्रों की घोषणा कर दी है। इस बार 12 केंद्रों पर परीक्षा होगी। किसी कॉलेज का सेंटर कहां भेजा गया है इसकी सूचना विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया हैं।

### ये है परीक्षा केन्द्र

लखनऊ विवि ,शिया पीजी कॉलेज, केकेसी कॉलेज, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर लॉ कॉलेज, डीएवी कॉलेज, लखनऊ लॉ कॉलेज

मुमताज पीजी कॉलेज, नर्वदेश्वर लॉ कॉलेज, मां वैष्णों देवी लॉ कॉलेज, यूनिटी डिग्री कॉलेज, हीरा लाल यादव लॉ कॉलेज, गीता लॉ कॉलेज।

**NBT PAGE 4**

# सीसीटीवी की निगरानी में लॉ का एग्जाम



### परीक्षा केंद्रों की होगी वेबकॉस्टिंग, लगाए कैमरे व वाइस रिकॉर्डर

एनबीटी, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय ने पिछले वर्ष लॉ पेपर लीक कांड से सबक लेते हुए इस बार लॉ की परीक्षा की वेबकास्टिंग करवाने का फैसला लिया है। परीक्षा कक्ष में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए इस वर्ष होने वाली एलएलबी फाइनल इयर स्टूडेंट्स की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से की जाएगी। साथ ही वाइस भी रिकॉर्ड भी की जाएगी। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों को गुरुवार को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

एलयू ने गुरुवार को एलएलबी फाइनल इयर स्टूडेंट्स के परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी है। जारी सूची के मुताबिक इस वर्ष कुल 12 केंद्रों पर एलयू के एलएलबी फाइनल इयर के स्टूडेंट्स की परीक्षाएं होंगी।

### इन केंद्रों पर होंगी परीक्षाएं

लखनऊ विश्वविद्यालय, शिया पीजी कॉलेज, केकेसी कॉलेज, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर लॉ कॉलेज, डीएवी कॉलेज, लखनऊ लॉ कॉलेज, मुमताज पीजी कॉलेज, नर्वदेश्वर लॉ कॉलेज, मॉ वैष्णों देवी लॉ कॉलेज, यूनिटी डिग्री कॉलेज, हीरा लाल यादव लॉ कॉलेज, गीता लॉ कॉलेज लोनापुर गोमतीनगर।

## अलर्ट : छह तक अपलोड करने होंगे डॉक्युमेंट्स

एनबीटी, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में यूजी कोर्सेज में प्रवेश लेने वाले स्टूडेंट्स को इंटरमीडिएट के डॉक्यूमेंट्स अपलोड करने के लिए एक और मौका दिया गया है। स्टूडेंट्स एलयू पोर्टल पर जाकर छह सितंबर तक अपने सेल्फ अटेस्टेड डॉक्यूमेंट्स अपलोड कर सकते हैं।

**एलयू के यूजी कोर्सेज में दाखिले का मौका**

बता दें कि कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए एलयू प्रशासन ने मेरिट से प्रवेश देने का फैसला लिया था। प्रवेश समिति के निर्णय के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने दाखिलों को लेकर इंटरमीडिएट के सेल्फ अटेस्टेड डॉक्यूमेंट्स अपलोड करने के दिशा निर्देश जारी कर दिए थे। प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया जिन भी स्टूडेंट्स के डॉक्यूमेंट्स छह सितंबर तक अपलोड नहीं हुए उनको दाखिले की प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा। इसके अलावा जांच में किसी स्टूडेंट्स के दस्तावेज, जाति व अन्य प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए तो उसे प्रवेश प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा।

## एलयू पुराने स्टूडेंट्स को सम्मानित करेगा

एनबीटी, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय गत पांच सालों में विभिन्न निजी/सरकारी नौकरियों में चयनित स्टूडेंट्स को सम्मानित करने के लिए 'द वर्किंग स्टूडेंट' अभियान शुरू करने जा रहा है। छात्रों और पूर्व छात्रों को विश्वविद्यालय में अपनी शैक्षिक और व्यावसायिक जानकारी गूगल फॉर्म के माध्यम से प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। जिसे इस लिंक https://rb.gy/pdhdgl पर एक्सेस किया जा सकता है। आवेदन पत्र भरने की आखिरी तारीख सात सितंबर है।